बरेली, मंगलवार
1 जुलाई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22+4=26

दैनिक जागरण

PAGE NO : 06 MIDDLE

# एसआरएमएस में दूरबीन विधि से आपरेशन पर छूट

बरेली : स्थापना के 23 वर्ष पूरे करने वाले एसआरएमएस मेडिकल कालेज में एक जुलाई से पांच जुलाई तक दूरबीन विधि से आपरेशन के लिए मिनिमल इनवेसिव सर्जरी ( दूरबीन विधि) कैंप का आयोजन किया जा रहा है। पंजीकरण कराने वालों को लेप्रोस्कोपिक, एंडोस्कोपिक, आर्थोस्कोपिक, रोबोटिक और लेजर सर्जरी पर 50 फीसद की छूट प्रदान की जाएगी। मरीज सर्जरी पांच जुलाई के बाद पूरे माह किसी भी दिन प्लान कर सकता है। यह बातें एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहीं। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन कराने वालों को लकी ड्रा भी शामिल होने का अवसर मिलेगा और जीतने वाले की सर्जरी निश्शुल्क की जाएगी। वि.